# यूपी-जापान के बीच रोजगार, पर्यटन और ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में करार

## जापानी भाषा सीखने पर नौकरियों के लिए खुलेंगे अवसर, आईआईटी में बनेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए जापान में रोजगार के अवसर आसानी से खुल सकेंगे। इसके लिए जापानी भाषा सिखाने के लिए जापान के यामानाशी प्रांत के साथ करार हुआ। साथ ही दोनों प्रांत के बीच पर्यटन को बढ़ावा देने, ग्रीन हाइड्रोजन सहयोग बढ़ाने के लिए शुक्रवार को एमओयू किए गए।

यूपी-जापान इन्वेस्टमेंट मीट में सबसे पहले इन्वेस्ट यूपी और जापान टेक्निकल ट्रेनिंग सेंटर (टीटीआरसी) के बीच एमओयू का आदान-प्रदान हुआ। उत्तर प्रदेश की ओर से अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार और जापानी पक्ष से जापान टेक्निकल ट्रेनिंग सेंटर के डायरेक्टर सुचकी कमाडा ने प्रतिनिधित्व किया।

टीटीआरसी के प्रयासों से अब तक यूपी के 100 से अधिक युवाओं को जापान में रोजगार मिल चुका है। करार के बाद यह आंकड़ा बढ़ेगा। इस अवसर पर जापान में रोजगार हासिल करने वाले प्रदेश के दो युवाओं पुष्पेंद्र सिंह चौहान और आदर्श कुमार कुशवाहा को प्रमाण पत्र दिए गए।



सीएम आवास पर ए डायलॉग विद द फ्यूचर कार्यक्रम में यामानाशी प्रांत से आए छात्र ने सीएम योगी के साथ सेल्फी ली। - स्रोत : विभाग

### जापानी भाषा में दक्ष वर्कफोर्स की आपूर्ति का समझौता

- जापानी भाषा में दक्ष वर्कफोर्स की निरंतर आपूर्ति के लिए श्रम एवं सेवायोजन विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. एमके शनमुखा सुंदरम और यामानाशी के इनोवेशन प्रमोशन ब्यूरो के महानिदेशक कत्सुया हादा ने एमओयू का आदान-प्रदान किया। इसके तहत जापानी भाषा में दक्ष मानव संसाधन तैयार करने और उन्हें रोजगार के अवसरों से जोड़ने की दिशा में सहयोग बढ़ेगा।

>> एमएसएमई कंपनियों के लिए 600 करोड़ रुपये का फंड : भीतर पढ़ें

*उत्तर प्रदेश और जापान के रिश्ते अब दीर्घकालिक, विश्वास पर आधारित पार्टनरशिप के रूप में नई ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे। जापान के अनुशासन और तकनीक को उत्तर प्रदेश की युवा शक्ति और टैलेंट से जोड़ते हुए प्रदेश को निर्माण और अनुशंधान का मजबूत वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में काम होगा। -**योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री***

### बौद्ध पर्यटन स्थलों में बढ़ेंगे जापानी पर्यटक

दोनों क्षेत्रों के बीच पर्यटकों की आवाजाही को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात और यामानाशी प्रीफेक्चर सरकार के संस्कृति, पर्यटन व खेल विभाग के महानिदेशक योशी यूकी कोजुमी ने एमओयू का आदान-प्रदान किया।

- इससे दोनों क्षेत्रों के पर्यटन संसाधनों और संभावनाओं को एक-दूसरे के सामने प्रस्तुत करने, पर्यटकों की संख्या बढ़ाने तथा पर्यटन क्षेत्र में निरंतर संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने का आधार तैयार हुआ है। इससे उत्तर प्रदेश के आध्यात्मिक, बौद्ध, सांस्कृतिक एवं हेरिटेज पर्यटन को जापानी पर्यटकों के बीच बढ़ावा देने की संभावनाएं मजबूत होंगी।

- **ग्रीन हाइड्रोजन सहयोग :** इसके तहत आईआईटी कानपुर और आईआईटी बीएचयू में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनेगा। यहां ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में अनुसंधान, तकनीकी नवाचार की रणनीति बनेगी।
- **विधानसभा के बीच एमओयू :** यामानाशी प्रीफेक्चरल असेंबली ऑफ जापान और यूपी विधानसभा के बीच करार हुआ। इसका उद्देश्य दोनों विधानसभाओं के बीच संवाद और अनुभवों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है।